प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 जून 2023

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – मई 2023

मई 2023[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में मई 2023 में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 12.7 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण संवृद्धि मई 2023 में बढ़कर 16.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हो गई, जो एक वर्ष पहले 11.7 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि मई 2022 में 8.8 प्रतिशत की तुलना में मई 2023 में 6.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में संवृद्धि 3.9 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 2.1 प्रतिशत) थी। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 18.9 प्रतिशत (पिछले वर्ष 42.9 प्रतिशत) तथा सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 9.5 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 32.7 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई।
- प्रमुख उद्योगों में, पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 'मूल धातु और धातु उत्पाद', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'निर्माण' और 'कपड़ा' के लिए मई 2023 में ऋण संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ी। 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण' और 'अवसंरचना' के लिए ऋण संवृद्धि में कमी आई।
- सेवा क्षेत्र को ऋण में संवृद्धि मुख्य रूप से 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)' और 'व्यापार' को प्रदत्त ऋण में सुधार के कारण मई 2023 में बढ़कर 21.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हो गई, जो एक वर्ष पहले 12.7 प्रतिशत थी।

---

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- व्यक्तिगत ऋण में एक वर्ष पहले के 16.3 प्रतिशत की तुलना में मई 2023 में 19.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से 'आवास' और 'वाहन ऋण' द्वारा संचालित थी।

अजीत प्रसाद

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/502 निदेशक (संचार)